sures. The global reach of nuclear weapons and their deployment and siat-oning in different parts of the globe lander nuclear weapon free zones lass than effective in promoting global nuclear disarmament.

विदेशों में मारे गये भारतीय राजनयिक और अन्य व्यक्ति

4119. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990–91 से 1992–93 तक विदेशों में विभिन्न घटनाओं में कुल कितने भारतीय राजनयिक, कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य और भारतीय मूल के अन्य व्यक्ति वर्ष वार मारे गए और कितने गंभीर रूप से घायल हुए ;

(ख) उक्त घटनाओं से किन-किन देशों के कितने व्यक्ति प्रभावित हुए; और

(ग) उक्त घटनाओं में कुल कितने मूल्य की सम्पत्ति का नुकसान हुआ और इस सम्बन्ध में कुल कितना मुआवजा दिया गया ?

विदेश मंत्री (श्री दिनेश सिंह) : (क) से (ग) एक भारतीय सुरक्षा गार्ड श्री कालिका प्रसाद गुप्ता की 2–2–93 को काबुल (अफगानिस्तान) में राकेट से हुए हमले से मृत्यु हो गई थी। 1990–91 से 1992–93 तक विदेशों में विभिन्न वारदातों में जो छह भारतीय अधिकारी घायल हुए उनकी सूची सभा की मेज पर रख दी गई है। ऐसी कोई सूचना नहीं मिली है कि इन दुर्घटनाओं से सम्पत्ति को कोई क्षति पहुंची हो/हानि हुई हो।

मंत्रालय में उपलब्ध सूचना के अनुसार 1991–93 की अवधि के दौरान मारे गए/गम्भीर रूप से घायल भारतीयों की सूची विवरण के रूप में दी गई है।

1993 से विदेश में घायल हुए भारतीय अधिकारियों का विवरण

1991–92

1. श्री जे० एफ० रिबेरो, रूमानिया में भारत के राजदूत पर 20 अगस्त, 1991 को बुखारेस्ट में गोली चलाई गई और वे घायल हो गए।

2. श्री बी० डी० माथुर, सहायक, भारत का राजदूतावास तेहरान पर 3 दिसम्बर, 1993 को हमला हुआ।

3. श्री एस० के० शर्मा, वैयक्तिक सहायक, भारत का हाई कमीशन, लागोस 31 दिसम्बर, 1991 को हमला हुआ।

1992–93

1. श्री साईं राम, निजी सचिव, भारत का राजदूतावास ताशकंद पर 15 अप्रैल, 1992 को हमला हुआ।

2. श्री राजेश मित्तल, कौंसलर, भारत का हाई कमीशन, इस्लामाबाद को 24 मई, 1992 को गम्भीर रूप से चोटें आईं।

3. सुश्री करतार कौर, सहायक, भारत का हाई कमीशन, लंदन को 12 दिसम्बर, 1992 को चोटें आईं।

विवरण

क्र०सं०	नाम	मृत्यु का कारण	तारीख	देश	मुआवजा आदि की स्थिति, जहां मंत्रालय को जानकारी हो।
1	पी०के० शर्मा	हत्या	3-2-91	बेल्जियम	कुछ नहीं।
2	डी० मिश्र	हत्या	2-3-91	ईरान	हत्यारे ने अपना धर्म बदलकर इस्लाम कबूल कर लिया है। निकट संबंधी से अनुरोध किया गया है कि वे बतायें कि क्या वे हत्यारे से हत्या प्रतिपूर्ति धन स्वीकार करेंगे।
3	एस० चन्द्रन तथा तीन अन्य	विस्फोट	2-2-92	सऊदी अरब	निकट संबंधी को क्षतिपूर्ति प्रदान करने का मामलों सरकार के सऊदी सरकार के विचाराधीन है।
4	सुनील बतरा	हत्या	11-9-92	अमरीका	निकट संबंधी द्वारा किया गया क्षतिपूर्ति का दावा अपराध पीड़ित बोर्ड के विचाराधीन है। व्यक्तिगत बीमे की 30,000 डालर की धनराशि का निपटारा बीमा कम्पनी द्वारा किया जा रहा है।
5	बी० वल्लीकुट्टू तथा 4 अन्य	अग्नि दुर्घटना	6-12-92	सऊदी अरब	
6	अमर सिंह तथा 3 अन्य	बम विस्फोट	16-6-92	कुवैत	मृत व्यक्ति के प्रायोजक ने जून, 92 में प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को 20,000/- यु०के० स्टर्लिंग भुगतान करने का वायदा किया था।
7	वेल मोहन राजा तथा 2 अन्य मृत तथा 7 घायल भारतीय	जहाज पर आग	12-7-92	सिंगापुर	आयु को मद्देनजर रखते हुये 70,000 सिंगापुर डालर की क्षतिपूर्ति प्रदान करने का मामला जुलाई, 1992 में सिंगापुर के जहाज मालिकों के विचाराधीन था।
8	जस्तिंदर सिंह	हत्या	30-4-92	रूस	मृतक के घर डकैती के दौरान हत्या की गई।
9	वाई०ए० खान	हत्या	12-8-92	लीबिया	मामला लीबिया के न्यायिक प्राधिकारियों के समक्ष है।